# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

## अखिल भारतीय समिति के सत्र २०२३-२५ की बैठक का कार्यवृत
## रविवार, ८ सितंबर २०२४, अग्रवाल समाज भवन, घोडदौड़ रोड, सूरत, गुजरात

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की अखिल भारतीय समिति के सत्र २०२३-२५ की तृतीय बैठक रविवार, ८ सितंबर २०२४ को सूरत स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया के सभापतित्व में आयोजित की गई।

**बैठक में निम्नलिखित अखिल भारतीय समिति सदस्यों की उपस्थिति रहीं:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री शिव कुमार लोहिया | श्री संतोष सराफ | श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया | श्री राज कुमार केडिया |
| श्री मधुसूदन सीकरिया | श्री रंजीत जालान | श्री कैलाशपति तोदी | श्री संजय गोयनका |
| श्री केदारनाथ गुप्ता | श्री पवन गोयनका | श्री संजय हरलालका | श्री गोकुल चंद बजाज |
| श्री नंद किशोर अग्रवाल | श्री युगल किशोर अग्रवाल | श्री श्रीगोपाल तुलस्यान | श्री पुरुषोत्तम सिंघानिया |
| श्री कैलाश काबरा | श्री कमलेश कुमार नाहटा | श्री राहुल अग्रवाल | श्री जय प्रकाश अग्रवाल |
| श्री अमर बसंल | श्री विनोद कुमार लोहिया | श्री गणपत भंसाली | श्री ओम प्रकाश खंडेलवाल |
| श्री हेमंत गर्ग | श्री योगश रामसीसरिया | श्रीमती सुषमा अग्रवाल | श्री संजय सरावगी |
| श्री मनोज कुमार जैन (काला) | श्री रमेश चाण्डक | श्री सुशील कुमार गोयल | श्री बिरेन कुमार अग्रवाल |
| श्री अशोक कुमार अग्रवाल सीए | श्री विमल अग्रवाल | श्री राजेंद्र कुमार हरलालका | श्री सुरेश कुमार कमानी |
| श्री रमेश कुमार चौधरी | श्री नवीन गोपालिका | श्री ओम प्रकाश रिंगसिया | श्री सुरेश कुमार चौधरी |
| श्री सुनील कुमार लाठ | श्री ओम प्रकाश पोद्दार | श्री राजेश कुमार सोंथलिया | श्री पवन कुमार बसंल |
| श्री मनीष सराफ सीए | श्री अशोक कुमार तुलस्यान | श्री अमर कुमार दहलान | श्री सुशील कुमार अग्रवाल |
| श्री सौभित छावछरिया | श्री दीपक पारीक | श्री सुरेंद्र अग्रवाल | |

**निम्नलिखित सदस्यों ने अनुपस्थिति की सुचना दी:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री नन्द लाल रुँगटा | डॉ. सुभाष चंद्र अग्रवाल | श्री निर्मल कुमार काबरा | श्री ओम प्रकाश अग्रवाल |
| श्री आत्माराम सोंथलिया | श्री शिव प्रसाद राजगढ़िया | श्री सुदेश करवा | श्री विजय गोयल |
| श्री मुरारी लाल सोंथलिया | श्री अशोक कुमार गुप्ता | श्री कमल कुमार सिंघानिया | श्री गोपाल अग्रवाल |
| श्री संवर लाल शर्मा | श्री रंजीत डालमिया | श्री अखिल सोंथलिया | श्री चंडी प्रसाद डालमिया |
| श्री निर्मल झुनझुनवाला | श्री अरुण अग्रवाल | श्री ओम प्रकाश अग्रवाल | श्री बाल किशन लोया |
| श्री ओम प्रकाश टिबड़ेवाल | श्री मनोज जैन | श्री गोविंद अग्रवाल | श्री रवि शंकर शर्मा |
| श्री बसंत मित्तल | श्री बिनय सरावगी | | |

सर्वप्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया के नेतृत्व में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ, निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, वर्तमान एवं पूर्व राष्ट्रीय पदाधिकारीगण, प्रांतीय पदाधिकारी एवं उपस्थित सदस्यों के मध्य दीप प्रज्जवलन कर बैठक का शुभांरभ किया गया।

**कार्यसुची १: अध्यक्षीय संबोधन।**

अखिल भारतीय समिति की बैठक को प्रारंभ करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया ने गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के सुनियोजित उत्तम व्यवस्था एवं प्रेम पूर्ण आतिथ्य के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया, जिसका सभी उपस्थित सदस्यों ने करतल ध्वनी के साथ अनुमोदन किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया ने सदस्यों से आग्रह किया कि आज की इस अति महत्वपूर्ण बैठक में विस्तृत चर्चा के उपरांत व्यापक संविधान संशोधन पर निर्णय लेना हैं। असम में समाज की पीड़ा पर भी विचार-विमर्श करना हैं। फेसबूक पेज को 'लाइक' करने की अपील को दोहराया। श्री लोहिया ने पांच सूत्रीय कार्यक्रम का सुझाव दिया - **समाज सुधार, संस्कार-संस्कृति-चेतना, राजनीतिक चेतना-समरसता एवं संगठन विस्तार, आपणो समाज-एक समाज-श्रेष्ठ समाज के नारे को मूर्त रुप देना** एवं **शिक्षा-स्वास्थ्य**। इन बिंदुओं पर हम मिलकर कार्य करें ताकि हमारे प्रयास का व्यापक प्रभाव हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शाखाओं को इन कार्यक्रमों पर जोर देने की आवश्यकता है।

**कार्यसुची २: अखिल भारतीय समिति की गत बैठक का कार्यवित पारित करना।**

राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने दिनांकः १७ मार्च २०२४ को हरिद्वार में आयोजित अखिल भारतीय समिति के कार्यवृत को सभा पटल पर प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से सभा सदस्यों ने पारित किया।

**कार्यसुची ३: राष्ट्रीय महामंत्री द्वारा विगत कार्यकलापों की जानकारी।**

राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने पिछली बैठक के बाद के सम्मेलन की गतिविधियों पर अपनी विस्तृत रपट प्रस्तुत की। माननीय सदस्यों ने इन गतिविधियों पर कुछ चर्चा की।

**कार्यसुची ४: प्रांतीय अध्यक्षों/महामंत्रीयों की संक्षिप्त रपट।**

गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से सभी उपस्थित महानुभावों का स्वागत किया गया। गुजरात प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से स्वागताध्यक्ष एवं प्रांतीय संस्थापक अध्यक्ष श्री जय प्रकाश अग्रवाल ने आशा व्यक्त कि की हम सभी जिस उद्देश्य से हम एकत्रित हुए हैं उसकी पूर्ति में आपसी विचार-विमर्श एवं निर्णय में शत-प्रतिशत सफल होंगे। उन्होंने अग्रवाल विकास ट्रस्ट के सभी पदाधिकारीयों से प्राप्त सहयोग का उल्लेख करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया। प्रांतीय सम्मेलन की ओर से प्रांतीय अध्यक्ष श्री गोकुल चंद बजाज ने राष्ट्रीय पदाधिकारीयों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने प्रांत को बैठक के आतिथ्य का अवसर प्रदान किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रांत में संगठन के विस्तार के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहें हैं, जिसके प्रतिफल शीघ्र प्राप्त होने लगेंगे।

बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री युगल किशोर अग्रवाल, पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री कैलाश काबरा, छत्तीसगढ़ प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम सिंघानिया, पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री नंद किशोर अग्रवाल, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री श्रीगोपाल तुलस्यान ने अपने-अपने प्रांतो की रपट प्रस्तुत की साथ ही अपने विचार सभा के समक्ष रखें।

साथ ही पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश खंडेलवाल, प्रांतीय महामंत्री श्री विनोद कुमार लोहिया, छत्तीसगढ़ प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय महामंत्री श्री अमर बंसल ने अपने-अपने प्रांतो की विस्तृत रपट सभा के समक्ष प्रस्तुत की।

**कार्यसुची ५: प्रांत प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्षों द्वारा संगठन प्रगति एवं समाज-सुधार की दिशा में उठाए गए कदमों की जानकारी।**

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री रंजीत जालान ने अपने प्रभारी प्रांत उत्तराखंड एवं दिल्ली के शीघ्र चुनाव संपन्न करवाने की बात कही एवं प्रांतो के संगठन को और मजबूत करने की बात कही।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मधुसूदन सीकरिया ने पुर्वोत्तर प्रांत में आगामी होने वाले चुनाव के बारे में सभा को अवगत कराया एवं सिक्किम प्रांत के भूमण्डलीय रुपरेखा से छोटे होने के कारण संगठन विस्तार में आ रही दिक्कतों के बारे में सभा को अवगत कराया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राज कुमार केडिया ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं झारखंड के चुनाव होने के विषय में सभा को जानकारी दी एवं उनके सदस्यता विस्तार पर अधिक बल देने की बात कही।

**कार्यसुची ६: संशोधित एवं प्रस्तावित संविधान संशोधन एवं अन्य विषयों पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षों का मतामत, सुझाव एवं मागदर्शन।**

संशोधित एवं प्रस्तावित संविधान एवं अन्य विषयों पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने अपने सारगर्भित विचार रखें। उन्होंने कहा कि संविधान संशोधन पर पिछले वर्ष से व्यापक चर्चा एवं बेंगलुरु की बैठक में हुए आम सहमति के अनुसार एक प्रारुप बनाया गया है जिस पर चर्चा के बाद हमें आज सकारात्मक निर्णय लेना है। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि हमें सोचना चाहिए कि २५ वर्षों के उपरांत सम्मेलन के क्या उद्देश्य होंगे।

निवर्तमान अध्यक्ष एवं संविधान संशोधन उपसमिति के चेयरमैन श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने सम्मेलन के इतिहास के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इतने व्यापक संशोधन के पश्चात संविधान सम्मेलन के संगठन को मजबूती प्रदान करेगा।

**कार्यसुची ७: बेंगलुरु में आयोजित विगत बैठक में उपस्थित माननीय प्रांतीय प्रतिनिधियों की सहमति के आधार पर संशोधित एवं प्रस्तावित संविधान संशोधन को पारित करवाना।**

संविधान संशोधन उपसमिति के संयोजक एवं निवर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री श्री संजय हरलालका ने संविधान संशोधन के उपसमिति के गठन के पश्चात विभिन्न समय पर हुए विचार-विमर्श पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संतोष का विषय है कि विगत बेंगलुरु की बैठक में लगभग आम सहमति से एक प्रारुप तैयार हुआ है, जिस पर आज चर्चा होनी है। उन्होंने अपने वक्तव्य के समर्थन में विभिन्न आंकड़े प्रस्तुत किये।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मधुसूदन सीकरिया, बिहार, पूर्वोत्तर, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंग, उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्षों, पदाधिकारियों ने भी संविधान संशोधन के विषय पर चर्चा की एवं अपने विचार प्रकट किये।

इसके अलावा विभिन्न प्रांतो से आए प्रतिनिधियों में श्री विमल अग्रवाल, श्री राजेंद्र हरलालका, श्रीमती सुषमा अग्रवाल, श्री मनोज कुमार काला, श्री सुशील अग्रवाल, श्री सुरेश कमानी, श्री कमलेश नाहटा, दीपक पारीक, ओम प्रकाश रिंगसिया आदि ने भी चर्चा में भाग लिया एवं अपने विचार प्रस्तुत किए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया ने बताया कि आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडू, केरल एवं महाराष्ट्र के प्रांतीय अध्यक्षों ने पत्र द्वारा बेंगलुरु में आम सहमति से बने संविधान संशोधन के प्रारुप के प्रति पूर्ण समर्थन प्रकट किया है। विस्तृत चर्चा के उपरांत संविधान संशोधन पर आम सहमति बनी एवं कुछ तकनीकी एवं अन्य संशोधन के साथ संशोधित संविधान को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

**कार्यसुची ८ः विविध – राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुमति से।**

दोपहर के भोजन के उपरांत द्वितीय सत्र का प्रारंभ करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आग्रह किया के उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए पांच सूत्रीय कार्यक्रम पर विचार-विमर्श कर इन्हे प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कदम पर चर्चा की जाए। जुगल किशोर अग्रवाल, कैलाश काबरा एवं अन्य ने इन विषयों पर अपने विचार साझा किया एवं इन्हें आगे बढ़ने का आश्वासन दिया।

सम्मेलन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री केदारनाथ गुप्ता ने २०२३-२५ सत्र का अब तक का वित्तीय रपट प्रस्तुत किया।

असम की समस्या पर श्री मधुसूदन सीकरिया, श्री कैलाश काबरा, श्री विनोद लोहिया, श्री विमल अग्रवाल आदि ने विस्तृत रुप से सभा को वर्तमान स्थिति से अवगत करवाया। काबराजी ने राष्ट्रीय पदाधिकारीयों को निरंतर संपर्क में रहने पर आभार व्यक्त किया। विस्तृत चर्चा के उपरांत कुछ निर्णय लिए गए। बैठक के प्रारंभ में राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने सूचित किया कि श्री मनमोहन गाड़ोदिया द्वारा दायर कोलकाता हाई कोर्ट में मुकदमा खारिज हो गया है। उन्होंने सूचित किया कि अनावश्यक रुप से एक सदस्य के कारण सम्मेलन को लाखों रुपये का निरर्थक खर्च झेलना पड़ा है। सभा ने इस विषय में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया को आवश्यक कदम उठाने के लिए अधिकृत किया।

संगठन विस्तार के संबंध में अनेक सदस्यों ने अपने सुझाव में कहा कि हमें १ लाख तक अपनी सदस्यों की संख्या ले जाने का लक्ष्य रखना चाहिए। सभा में इस पर चर्चा हुई कि अब सदस्यों की उपस्थिति बढ़ रही है। इसलिए इस प्रकार की बैठकों को दो सत्र में विभाजित कर ज्यादा समय दिया जाए। आगामी बैठकों में इस बात का ध्यान रखा जाए।

राष्ट्रीय महामंत्री ने संविधान संशोधन के कार्य में संविधान संशोधन उपसमिति के चेयरमैन श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया एवं संयोजक श्री संजय हरलालका के प्रति आभार व्यक्त करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। दीपक पारीक व अन्य सदस्यों ने इस प्रस्ताव में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महामंत्री को भी सम्मिलित करने का संशोधन पेश किया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्य में सभी उपस्थित सदस्यों की सकारात्मक भूमिका के लिए आभार व्यक्त किया।

अंत में सम्मेलन के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री श्री संजय गोयनका ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष

राष्ट्रीय महामंत्री